दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर एसयूवी कार नीचे गिरी, तीन दोस्तों की मौत

कार से तीन दोस्त लेह-लद्दाख से पुणे जाने के लिये निकले थे, कैथून क्षेत्र में हादसा हुआ

कोटा, (निसं)। कैथून थाना इलाके में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में लग्जरी एसयूवी में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कार से तीन दोस्त लेह-लद्दाख से पुणे जाने के लिये निकले थे। कैथून क्षेत्र में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर कार अनियंत्रित होकर बैरियर को तोड़ते हुए नीचे गिर गई। हादसे में कार में सवार तीनों की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और कार में सवार तीनो को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

कैथून थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर कार नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई।

- दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर कार अनियंत्रित होकर बैरियर को तोड़ते हुए नीचे गिर गई
- वहीं डूंगरपुर में हुए बस हादसे में स्कूल के एक छात्र की मौत हो गई

कैथून थाना अधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि हादसा क्षेत्र के कराड़िया इंटरचेंज से बालापुरा इंटरचेंज के बीच में हुआ है। थानाधिकारी ने बताया कि कार में सवार तीनों लेह-लद्दाख से पुणे घर जाने के लिये निकले थे, संभवत: चालक को नींद की झपकी आने के चलते वाहन से अपना कंट्रोल खो बैठा था, उसी के चलते ये हादसा हो सकता है। थानाधिकारी ने बताया कि हादसे में तीनों मृतक पुणे निवासी सिद्धांत (21), कुणाल (25) और मयूरेवा (23) थे। मृतक के शवों को पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया गया है।

बस से गिरकर छात्र की मौत, परिजनों में आक्रोश : डूंगरपुर, के सरोदा थाना क्षेत्र के घोड़ाफला गांव में एक निजी स्कूल बस ड्राइवर की लापरवाही के कारण 7 वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। इस घटना के बाद से परिजनों में भारी आक्रोश है और उन्होंने अस्पताल की मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन किया। परिजन स्कूल प्रबंधन और ड्राइवर के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़े हैं।

सरोदा थाना पुलिस के अनुसार लिम्बोड बड़ी निवासी जतिन रेबारी घोडाफला स्थित आदेश विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक स्कूल में कक्षा 7 का छात्र था। स्कूल की छुट्टी के बाद जतिन अन्य बच्चों के साथ स्कूल बस में सवार होकर घर लौट रहा था। बस बच्चों से खचा-खच भरी हुई थी। सफर के दौरान ड्राइवर ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगाए। इससे गेट के पास खड़ा जतिन संतुलन खो बैठा और सीधे बस से नीचे गिर गया। छात्र बस के पिछले टायर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ड्राइवर की संवेदनहीनता सामने आई। गंभीर रूप से घायल छात्र को तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय ड्राइवर उसे बस में ही बैठाकर दूसरे बच्चों को उनके घर छोड़ने चला गया। सभी बच्चों को उतारने के बाद ड्राइवर घायल जतिन को सागवाड़ा अस्पताल लेकर पहुंचा।

इलाज के दौरान जतिन की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि ड्राइवर जतिन को समय रहते सीधे अस्पताल ले जाता, तो शायद आज वह जीवित होता। ड्राइवर ने कीमती समय बच्चों को ड्रॉप करने में बर्बाद कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जोधपुर : मंगलदीप कॉम्पलैक्स फायरिंग केस में तीन लोग गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर के पाल रोड स्थित मंगलदीप कॉम्पलैक्स में दस दिन पहले एक फ्लैट में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने अब घायल छोटू सिंह को अस्पताल से छुट्टी मिलने पर गिरफ्तार कर लिया है। उसे सोमवार को छुट्टी मिली थी और एक दिन की पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। इधर पुलिस मंगलदीप कॉम्पलैक्स पहुंची और सीन को रिक्रियेट किया। अवैध हथियार और फायरिंग के प्रकरण में महिला सहित दो आरोपी देवेंद्र सिंह गिरफ्तार हो रखे हैं। महिला को जेल भिजवाया गया है। देवेद्र सिंह पुलिस अभिरक्षा में चल रहा है।

- पुलिस ने घायल छोटू सिंह को अस्पताल से छुट्टी मिलने पर गिरफ्तार कर लिया
- जयपुर व उदयपुर के हथियार सप्लायरों की तलाश जारी

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि ओमनगर माता का थान निवासी देवेंद्र सिंह पुलिस अभिरक्षा में है। साथ ही एम्स अस्पताल में भर्ती शेरगढ़ के सोलंकियातला देवराजगढ़ हाल मंगलदीप अपार्टमेंट निवासी छोटू सिंह उर्फ भवानी सिंह पुत्र माधोसिंह को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने पर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, उसे एक दिन की पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया था। उसे फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस ने इसमें हथियार सप्लायर जयपुर के यशराज को नामजद कर उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था।

थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि हथियार सप्लायर में उदयपुर के विपिन नाम के शख्स को भी नामजद किया गया है, जोकि अभी उदयपुर की कानोड जेल में है। उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाया जाएगा। आज सुबह पुलिस ने आरोपियों के साथ में मंगलदीप कॉम्पलैक्स पहुंच कर सीन को रिक्रेट किया। थानाधिकारी ने बताया कि जोधपुर और जयपुर की टीमों की ओर से सप्लायरों की तलाश की जा रही है जयपुर में भी आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें तैनात की गई।

जानकारी के अनुसार चौहाबो थाने के एएसआई अनिल गुजराल ने घायल छोटूसिंह के बयानों के आधार पर अपनी तरफ से रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि छोटूसिंह 2-3 महीने से इस फ्लैट में किराये पर रहता है। वह गैस पाइप लाइन की कंपनी में ठेके पर काम करता है। देवेंद्र और अनिल बिश्नोई तीनों दोस्त हैं। घटना वाले दिन शाम 4.30 बजे फ्लैट पर आए थे। देवेंद्र सिंह के पास लोडेड पिस्टल थी। तभी देवेंद्र ने दोनों दोस्तों छोटूसिंह और अनिल पर फायरिंग की थी।

ट्रक की चपेट से दो युवकों की मौत, चार जने घायल

मिनी ट्रक ने वाहन की प्रतिक्षा में खड़े लोगों को चपेट में ले लिया था

उदयपुर, (कासं)। डबोक थाना क्षेत्र में मीनी ट्रक ने वाहन की प्रतिक्षा में खड़े लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई तथा चार युवक घायल हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात में डबोक थाना क्षेत्र सीसम घाटी सर्विस रोड़ पर मीनी ट्रक ने वाहन की प्रतिक्षा में खड़े लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे में सेरा टीडी निवासी प्रकाशचंद पुत्र रामा मीणा, हाकरचंद पुत्र मनसाराम निवासी खाटी कमदी वाघुपरा की मौत हो गई तथा झाड़ोल निवासी चन्दू पुत्र चेनाराम, सुनिल पुत्र भूरा, खजूरी टीडी निवासी दाउद पुत्र वैसाराम तथा नाकोड़ा नगर निवासी दीपकसिंह पुत्र हिम्मत सिंह घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। रात के समय में सभी लोग वाहन की प्रतिक्षा में सर्विस लाइन पर खड़े थे, इस दौरान हादसा हो गया। सूचना मिलने पर एएसआई मनोहर सिंह ने मौके पर पहुंच सभी घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। बुधवार को एएसआई मांगीलाल ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

सड़क हादसे में युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई । हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा साथी युवक घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात में सुखेर थाना क्षेत्र आरटीओ रोड़ पर हनुमान मंदिर के पास स्थित पेड़ से अनियंत्रित कार टकरा गई। हादसे में गणेशनगर पायड़ा निवासी हिमांशु सालवी (30) पुत्र रामचन्द्र सालवी की मौत हो गई तथा साथी राहूलसिंह घायल हो गया। दोनों रात में खेलगांव की तरफ से घर लौट रहे थे। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल नितेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

दौसा में डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने गणगौर महोत्सव शिरकत की

त्यौहार, गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति ही हमारी पहचान : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

दौसा, (निसं)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि त्यौहार, परम्परायें, गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति ही हमारी पहचान है। इस पहचान को बनाये रखने में नारी शक्ति का विशेष योगदान रहता है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को दौसा में आयोजित गणगौर महोत्सव कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रही थी।

- डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने महिलाओं से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आव्हान किया

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लक्की ड्रॉ निकालकर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को पारितोषिक देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं और आज वे शिक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनकर समाज के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में तीज-त्योहारों की समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी महिलाओं की ज्यादा अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ नई पीढ़ी पारंपरिक त्योहारों से दूर होती जा रही है, जो चिंता का विषय है। हमें मिलकर प्रयास करना होगा कि इन परंपराओं को घर-घर में उत्साहपूर्वक मनाया जाए और युवाओं को उनसे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि संभागीय स्तर पर लोक नृत्य एवं लोक गीतों को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार और अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिसकी घोषणा बजट में की गई है। उन्होंने दौसा में गणगौर महोत्सव के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और हमारी परंपराओं को आगे बढ़ाते हैं।

उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आव्हान करते हुए कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। राज्य सरकार प्रदेशवासियों को स्वस्थ रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। राज्य सरकार भी प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान मनोरंजन, खेल, मेहंदी प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए गए। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लक्की ड्रॉ निकालकर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को पारितोषिक देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल, मूर्ति मीना, लेडीज क्लब चेयरपर्सन सारिका शर्मा, संयोजक किरण डोरिया, मंजू लता जाटव, चंद्रकांता हरितवाल, सरोज मीणा, मिश्रि मीना, ममता सैनी, मंजू साहू, पुष्पा डंगायच, निर्मला शर्मा, भावना सैनी, लक्ष्मी दीक्षित, गोरा देवी पाटन, मधु जैमन, कमला शर्मा, रेखा शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

युवक गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। जिला स्पेशल टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से आठ लाख रुपए की स्मैक जब्त की है। जिला स्पेशल टीम ने नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करते हुए दूनी थाना क्षेत्र से आरोपी चैन सिंह पुत्र मेहताब तंवर निवासी भोजपुर (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार कर उसके पास से प्लास्टिक की थैली में रखी आठ लाख की 37 ग्राम स्मैक जब्त की हैं।

श्रीगंगानगर में अध्यापिका के पैर को श्वान ने काटा, दो सेमी के गहरे घाव हुये

जिला अस्पताल की इमरजेंसी स्टाफ के अनुसार यह मामला बाइट कैटेगरी थ्री का है, इसे अत्यधिक खतरनाक माना जाता है

श्रीगंगानगर, (निसं)। शहर में आक्रामक हुए कुत्तों (श्वानों) के झुंड ने स्कूल से घर लौट रही सरकारी स्कूल की अध्यापिका को काट खाया। दो सेमी के गहरे घाव हो गये। यह वारदात दुर्गा मंदिर मार्केट एरिया में हुई। घायल अध्यापिका को सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया। उनको प्राथमिक उपचार दिया गया है, लेकिन घाव अधिक गहरे होने के कारण वापस बुलाया गया है। सर्जन डॉक्टर उनके घावों का उपचार करेंगे।

- स्कूटी पर घर लौट रही अध्यापिका को कुत्ते ने काटा

पीड़िता पायल चौहान स्कूल नंबर 9 में इकॉनोमिक्स की व्याख्याता हैं। उनके पति सुरेंद्रसिंह ने बताया कि हम तीन ई छोटी की गली नंबर 5 में रहते हैं। पत्नी स्कूल से छुट्टी के बाद स्कूटी पर घर की ओर लौट रही थी। इसी दौरान दुर्गा मंदिर मार्केट एरिया में गली के 6-7 कुत्ते (श्वान) उनके पीछे पड़ गए। इनमें से एक ने उनके घुटने से ऊपर काट लिया। यह हमला इतना भयंकर था कि कुत्ते के दांत काफी गहरे तक चले गए। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने कुत्तों (श्वानों) को वहां से भगाया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी स्टाफ के अनुसार यह मामला बाइट कैटेगरी थ्री का है। इसे अत्यधिक खतरनाक माना जाता है। हालांकि उनको एंटी रेबीज इंजेक्शन लगा दिया है और आगे के दिनों का चार्ट बनाकर दिया गया है।

आवारा श्वानों व डॉग बाइट के लगातार बढ़ रहे मामलों के बीच शहरवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। नगरपरिषद की ओर से श्वानों की नसबंदी व रेबीज टीकाकरण के लिए 27 फरवरी को लगाए गए 25 लाख रुपए के टेंडर खोले गए। इसमें भिवानी की फर्म सिलगर सतगिरी गऊ सेवा समिति को यह टेंडर जारी हुआ है।

फर्म को श्वान पकड़ने, एक दिन भूखा रखने, नसबंदी, रेबीज टीकाकरण, 3 दिन ऑब्जरवेशन व जहां से लाए वहीं छोड़ने के बाद प्रति श्वान 1360 रुपए मिलेंगे। नगरपरिषद आयुक्त अशोक कुमार असीजा का कहना है कि श्वानशाला में भी परिषद की ओर से लगभग सभी प्रकार की व्यवस्था कर ली गई है। कुत्ते के काटने के कारण अध्यापिका के पैर पर 2 सेंटीमीटर गहरे घाव हो गए।

चार सिलेंडर सहित उपकरण जब्त : बीकानेर में जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार रात्रि को शहर में अवैध गैस रिफिलिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान शिवबाड़ी क्षेत्र में बकरी चौक एवं सर्वोदय बस्ती स्थित मोर पंख भवन के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर जांच की गई। डीएसओ शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से ऑटो में गैस भरी जा रही थी। इस पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों स्थानों से 4 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 गैस रिफिलिंग मोटर एवं 2 कांटे (तोलन यंत्र) जब्त किए। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का इस प्रकार व्यावसायिक उपयोग करना एवं अवैध रिफिलिंग करना कानूनन अपराध है।

बीकानेर शहर में हुई हल्की बूंदाबांदी से राहत मिली

बीकानेर, (निसं)। पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीकानेर में मौसम का मिजाज बदल गया है। गर्मी से फिलहाल राहत मिल रही है और अगले तीन दिन तक मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। साथ ही तेज हवाएं चलने से तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी और मौसम सुहावना बना हुआ है। सुबह से ही बीकानेर बादलवाही है। जिले के कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। बीकानेर शहर में कलैक्ट्री और आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

- जिले में बादलों का डेरा, अगले तीन दिन तक हल्की बारिश और मेघ गर्जन का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर सहित आसपास के क्षेत्रों में अगले तीन दिन तक हल्की बारिश और मेघ गर्जन हो सकती है। विभाग के मुताबिक 19 और 21 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ का असर बना रहेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे धूप का असर कम रहेगा और तापमान नियंत्रित रहेगा। बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटे में बीकानेर का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि इससे पहले न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री था, जिसमें करीब डेढ़ डिग्री की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। मौसम विभाग की एडवायजरी के अनुसार बीकानेर के साथ पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर में भी मेघगर्जन, बूंदाबांदी और हल्की बारिश के आसार हैं। तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि 25 और 26 मार्च को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे मौसम में बदलाव का दौर जारी रहेगा। हालांकि पूरे राज्य में सामान्य तौर पर मौसम शुष्क रहने की संभावना भी जताई गई है। बाड़मेर में हल्की बारिश की संभावना है।

भीनमाल एडीजे को निलम्बित किया

जालोर, (कासं)। भीनमाल के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र साहू को राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के रजिस्ट्रार जनरल ने निलम्बित करने के आदेश जारी किये।

आदेश में बताया कि एडीजे भीनमाल साहू पर छह अलग-अलग मामलों में गंभीर आरोपों की प्रारंभिक जांच चल रही है और इन मामलों में प्रभाव डालने से रोकने के लिए जिला जज कैडर के अधिकारी राजेन्द्र साहू, जो वर्तमान में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भीनमाल के पद पर कार्यरत हैं, को निलंबित किया जाना आवश्यक है। इसलिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश द्वारा राजेन्द्र साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलम्बन काल में राजेन्द्र साहू को नियमों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय उच्च न्यायालय, जोधपुर रहेगा।

तस्करी के तीन दोषियों को सजा सुनाई

कोटा, (निसं)। अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा-चूरा तस्करी के करीब ढाई साल से अधिक पुराने मामले में एनडीपीएस न्यायालय के न्यायाधीश ने पकड़े गये तीन आरोपियों को दोषी मानते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई एवं प्रत्येक को 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र सिंह निर्भय ने बताया कि 3 अप्रैल 2023 को थाना मंडाना कोटा ग्रामीण के जाप्ते ने एन.एच. 52 मंडाना बाइपास पर नाकाबंदी के दौरान एक सफेद कार से तीन शख्सों को डिटेन किया। पुलिस टीम ने संदेह होने पर कार की तलाशी ली तो कार से दो कट्टों में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा-चूरा 104 किलो 300 ग्राम बरामद हुआ। पुलिस टीम ने पंजाब के डुगरी लुधियाना निवासी दलजीत सिंह, जिला लुधियाना पंजाब के पमाली निवासी रमनप्रीत सिंह और अनिल चौहान निवासी निर्मल नगर थाना डुगरी जिला लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार किया था।

हेरोइन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया : श्रीगंगानगरकी सादुलशहर व कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 39.89 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक महिला तस्कर भी शामिल है। कोतवाली थाना पुलिस में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने श्रीगंगानगर शहर में गश्त के दौरान महालक्ष्मी एनक्लेव के नजदीक एक आरोपी को 31.61 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनप्रीत सिंह (29) निवासी वार्ड नंबर-9 मटीली राठान (श्रीगंगानगर) के रूप में हुई है। वहीं, सादुलशहर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पर प्रताप कॉलोनी, गोशाला के नजदीक 8.28 ग्राम हेरोइन के साथ एक महिला को पकड़ा है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PWD DIVISION DHOLPUR

File No 7585-7591 Date 13-03-2026

Notice Inviting Bid

Bids For NIT No. 18/2025-26 Misc. Work of PWD Division Dholpur of subject matter(s) of Procurement are Invited from interested bidders date 15.03.2026 6.00 PM to Date 22.03.2026 upto 6.00 Noon. Other particulars of the id may be visited on the procurement portel (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 26.34 Lacs

Executive Engineer
PWD Division Dholpur

DIPR/C/5616/2026

OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER, 16TH DIVISION, IGNP, BIKANER
Mobile 8385885628 email-eeignp16@gmail.com

S.NO:- 3908 **TENDER No 20 Year 2025-26** DATE:- 13.03.2026

On behalf of Govt. of Rajasthan Tender No 20 year 2025-26 are invited from eligible contractor for the work for the year 2025-26. The details are available on following Website: www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in

IGB CODE : IGB2526A0165

S.no	UBN NO	Amount (in lakhs)
1	IGB2526WSOB00725	15.84
2	IGB2526WSOB00726	14.85
3	IGB2526WSOB00727	16.32
4	IGB2526WSOB00728	16.82
5	IGB2526WSOB00729	12.87
6	IGB2526WSOB00730	11.89
7	IGB2526WSOB00731	9.90
8	IGB2526WSOB00732	34.62
	Total	133.11

Executive Engineer
16th Division, IGNP
Bikaner

DIPR/C/5597/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर
एन.एच. 68, PHED Campus, सॉचौर (जालोर)
Te. Pho. No 02979-283624 E-mail.: eephedscr@gmail.com
क्रमांकः अ.अ./ जन स्वा./ सॉं/निविदा/2025-26/1797 दिनांकः- 11/03/202-6

निविदा सुचना संख्या- 19/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

कार्यालय का नाम व स्थान	अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर
निविदा का कार्य	Annual Rate contract for Providing laying, Jointing and Testing DI K-7 pipe line under division Sanchore
निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में)	कुल निविदा 01 रु. 35.00 लाख
निविदा प्रपत्र वेवसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक	12.03.2026 से 23.03.2026 को 13.00 बजे तक
निविदाएं खोलने की तिथी व समय	24.03.2026 को 15.00 बजे से
UBN No	PHE2526WSRC15467

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड सॉचौर

DIPR/C/5392/2026

दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की सजा

कोटा, (निसं)। नाबालिग से दुष्कर्म के करीब एक साल से अधिक पुराने मामले में पॉस्को क्रम-4 न्यायालय ने पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष की सजा से दंडित किया।

- पड़ौसी युवक पर बेटी को बहलाकर ले जाने व दुष्कर्म का आरोप था

विशिष्ट लोक अभियोजक वंदना नागर ने बताया कि 4 अप्रेल 2024 को पीड़िता के पिता ने ग्रामीण के एक थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि वह मजदूरी करता है और फैक्ट्री में परिवार सहित रहता है। फरियादी ने कहा कि 3 अप्रैल 2024 को उसकी नाबालिग बेटी जंगल में गई थी जो वापस नही लौटी। उसको शक है पड़ौसी युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

जोधपुर कारागार में फिर मिला सिम कार्ड

जोधपुर, (कासं)। देश की सबसे सुरक्षित समझी जाने वाली जोधपुर केंद्रीय कारागार लगातार सुर्खियों में है। यहां पर आए दिन मिलने वाली अवांछनिय सामग्री के चलते जेलर सस्पेंड तक हो चुके हैं और जेल अधीक्षक एपीओ कर दिए गए हैं। एक बार फिर जेल में मोबाइल सिम कार्ड मिला है। मंगलवार की शाम को जेल में सर्च अभियान चलाया गया। तब यह सिमकार्ड मिला, जो कि शुगर मशीन के ढक्कन के पीछे छिपाकर रखा गया था। इस बारे में कारापाल की तरफ से रातानाडा थाने में कुछ बंदियों को नामजद कर रिपोर्ट दी गई है। जोधपुर जेल के कारापाल कुलदीप सिंह ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि मंगलवार की शाम साढ़े चार से साढ़े पांच बजे तक जेल में एक घंटे का सर्च अभियान चलाया गया। एक बैरिक में तलाशी ली गई तब एक शुगर रोग मशीन के ढक्कन के पीछे मोबाइल की सिम मिली। चार बंदी इस बैरिक में थे जिन्होंने आरंभिक पूछताछ में सिम के बारे में अनभिज्ञता जता दी।